राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

अधीक्षण पुरातत्वेता डॉ. विनय कुमार गुप्ता ने की मुलाकात

राज्यपाल श्री मिश्र को राजस्थान की धरोहर संबंधित कैलेण्डर भेंट किया

जयपुर, 1 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण के जयपुर वृत्त के अधीक्षण पुरातत्वेता डॉ. विनय कुमार गुप्ता ने मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान श्री मिश्र को संस्कृति मंत्रालय के अधीन कार्यरत भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा प्रकाशित राजस्थान की धरोहरों से संबद्ध कैलेण्डर भी भेंट किया।

श्री गुप्ता ने बताया कि राजस्थान स्थित प्राचीन धरोहरों के संक्षिप्त विवरण और छायाचित्रों के साथ प्रकाशित भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण का यह कैलेण्डर भारतीय नव—संवत्सर वर्ष के संदर्भ में प्रकाशित किया गया है। उन्होंने भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण के अंतर्गत धरोहर संरक्षण के लिए राजस्थान में किए जा रहे कार्यों के बारे में भी राज्यपाल श्री मिश्र को विस्तार से जानकारी दी।

———————